CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 165 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार,07 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली के लिए राजस्थान में तैयारियाँ तेज, 8 दिसंबर तक वाहनों की सूची अनिवार्य

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस की प्रस्तावित 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली को सफल बनाने के लिए राजस्थान कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में शनिवार को प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों की अहम बैठक लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।
बैठक के दौरान डोटासरा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विधायक व जिला अध्यक्ष 8 दिसंबर तक अपने-अपने क्षेत्रों से रैली में शामिल होने वाले वाहनों की संख्या, वाहन चालक का नाम, मोबाइल नंबर और वाहन नंबर अनिवार्य रूप से प्रदेश कांग्रेस वार रूम को प्रेषित करें। उन्होंने







कहा कि रैली में राजस्थान से सर्वाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए हर स्तर पर संगठनात्मक तैयारी तेज कर दी गई है।
प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से अपने वाहनों के साथ रैली में उपस्थित रहें, जबकि जिला कांग्रेस कमेटियों के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। डोटासरा ने कार्यकर्ताओं से कहा यह रैली देश के लोकतांत्रिक भविष्य की लड़ाई है, तैयारियाँ युद्धस्तर पर हों और भीड़ ऐतिहासिक हो।
महारैली की तैयारियों की आगे समीक्षा 9 दिसंबर को महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल द्वारा की जाएगी। इस बैठक में राजस्थान कांग्रेस द्वारा तैयार की गई विधानसभा-वार वाहनों की विस्तृत सूची उन्हें सौंपी जाएगी।
प्रदेश के दूरस्थ जिलों के नेताओं, विधायकों और जिलाध्यक्षों के साथ डोटासरा ने शाम 4 बजे डिजिटल माध्यम से संवाद कर उन्हें भी दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा अंतिम तैयारियों पर फोकस करने को कहा है ।

## मेघवाल बोले अब दुबई में भी चल रहा भारतीय रुपया, डॉलर की जरूरत खत्म



भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कई राष्ट्रीय मुद्दों पर बड़ा बयान दिया। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की मुलाकात से लेकर लोकसभा में स्क्रूको लेकर विपक्ष के हंगामे तक, और डॉलर के मुकाबले रुपये के गिरते मूल्य पर विपक्ष के सवालों तक—मेघवाल ने हर विषय पर सरकार का पक्ष मजबूती से रखा।
उन्होंने दावा किया कि रुपया कमजोर नहीं हुआ है, बल्कि पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है।
मेघवाल ने कहा कि अब कई देशों के साथ रुपए में ट्रेड बढ़ रहा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा पहले दुबई जाने पर डॉलर बदलवाना पड़ता था, लेकिन अब वहां भी सीधे रुपए में काम होने लगा है। यह रुपये की बढ़ी ताकत का संकेत है।
लोकसभा में SIR के मुद्दे पर लगातार हो रहे व्यवधान पर उन्होंने कहा कि पिछले मानसून सत्र से ही विपक्ष इस विषय पर राजनीति कर रहा है। सरकार चुनाव सुधारों पर चर्चा को तैयार है। उन्होंने कहा SIR निर्वाचन आयोग की एक प्रक्रिया है। विपक्ष ने दो दिन सदन चलने नहीं दिया, बाद में मान गए। सोमवार को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी, मंगलवार को इलेक्शन रिफॉर्म पर।
राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर मेघवाल ने कहा राजस्थानी हमारी अपनी भाषा है। इसके लिए सहमति बनाने का प्रयास चल रहा है। कई हिंदी प्रेमी संगठनों से भी चर्चा हो रही है। जैसे ही सहमति बनेगी, हम इसे आगे बढ़ाएंगे। देशभर में इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से हुए विवाद पर मेघवाल ने कहा कि स्थिति में अब सुधार हुआ है। भारत की वैश्विक स्थिति पर बोले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर रूस-भारत संबंधों पर मेघवाल ने कहा कि दुनिया के बड़े देशों के साथ भारत के संबंध मजबूत होने आवश्यक हैं। उन्होंने कहा भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। रूस हमारा पुराना और भरोसेमंद मित्र रहा है।

## राजस्थान की राजनीति पर बेनीवाल बोले - मुख्यमंत्री को खुद नहीं पता सरकार कौन चला रहा

भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर।

राजस्थान की राजनीति में शनिवार को नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कानून-व्यवस्था को लेकर तीखे आरोप लगाए। बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और सरकार पूरी तरह भ्रमित स्थिति में काम कर रही है।
बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल पर सीधा प्रहार करते हुए कहा लोग उन्हें सीरियस नहीं ले रहे। मैंने ऐसा पहला मुख्यमंत्री देखा है, जिन्हें यह तक पता नहीं चल रहा कि सरकार कौन चला रहा है। उन्होंने पेपर लीक और आरपीएससी से जुड़ी भर्तियों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा ने अपने ही वादों से यू-टर्न ले लिया है। बेनीवाल ने दावा किया कि बीजेपी और कांग्रेस राजस्थान में एक ही रंग की राजनीति कर रही हैं। मुख्यमंत्री के नजदीकी लोग राज्य को लूटने में लगे हुए हैं।
कानून-व्यवस्था पर बेनीवाल ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है और स्वयं मुख्यमंत्री को पांच बार धमकी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि नशा और गैंगवार की स्थितियां चिंताजनक हैं पंजाब से भी ज्यादा नशा राजस्थान में फैल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से नजदीक रहे अधिकारियों पर निशाना साधते हुए बेनीवाल ने कहा जिन अधिकारियों ने हमारे फोन टैप करवाए, वे आज भाजपा के चहेते बने बैठे हैं और भ्रष्टाचार-व्यापार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में कोई विधायक न होने के बावजूद वे जनता के मुद्दों पर सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहे हैं।
इंडिगो एयरलाइन को लेकर भी बेनीवाल ने सरकार को चेताया। उन्होंने कहा इंडिगो सरकार को खुलेआम चैलेंज कर रही है, उड़ानें अनिश्चित हैं और आमजन परेशान हो रहा है। बेनीवाल ने मांग की कि



केंद्र सरकार एयरलाइन पर सख्त कार्रवाई करे।
डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट पर भी उन्होंने चिंता जताई और कहा कि इस मुद्दे को संसद में जोरदार तरीके से उठाएंगे।

## बाइक चोरी का खुलासा : एक आरोपी गिरफ्तार,10 बाइक बरामद




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुई बाइक सहित कुल 10 बाइकें विभिन्न स्थानों से बरामद की हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की अनुराग हरिजन ने 3 दिसंबर को रिपोर्ट दी थी कि 22 नवंबर को उसने अपनी मोटरसाइकिल एक कपड़ों के शोरूम के बाहर खड़ी की थी, जो शाम को काम खत्म होने पर गायब मिली।
गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों से पूछताछ की। जांच के दौरान आरोपी सौरभ उर्फ पंकज प्रजापत निवासी सुभाषनगर की पहचान हुई और उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## लोन वसूली के दौरान विवाद ,मैनेजर पर हमला, नकदी लूटी

भीलवाड़ा फोकस @ श्रीगंगानगर ।

अबोहर नगर में शनिवार को लोन रिकवरी के दौरान हालात तनावपूर्ण हो गए । इस दौरान एक निजी फाइनेंस बैंक के लोन मैनेजर पर कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर करीब 30 हजार रुपये की नकदी लूट ली गई। वहीं इसी घटना में गांव रायपुरा के तीन युवक भी घायल हुए, जिन्होंने उल्टा आरोप लगाया कि बैंक कर्मचारी अपने साथियों को लेकर आया और उन पर हमला किया। पुलिस अब दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर जांच में जुट गई है।
आरबीएल बैंक के लोन मैनेजर रिक्की के अनुसार वे अपने सहयोगी रविन्द्र के साथ गांव रायपुरा में लोन की किश्त लेने



पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि किश्तें लेकर लौटते समय उन्हीं व्यक्तियों ने, जिन्होंने किश्त दी थी, अपने साथियों के साथ रास्ते में घेरकर उन पर हमला किया और नकदी भरा बैग छीनकर फरार हो गए। हमले में रिक्की गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।
दूसरी ओर गांव रायपुरा निवासी घायल युवक नीलू, लवप्रीत और गुरजीत ने बिलकुल विपरीत कहानी बताई। उनका कहना है कि पैसे देने के दौरान मौके पर खड़े एक व्यक्ति का बैंक कर्मचारियों से विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके करीब दो घंटे बाद बैंक कर्मचारी अपने साथियों को लेकर गांव लौटे और इस बार उन्होंने ही हमला किया, जिससे तीनों युवक घायल हो गए।
चारों घायलों का उपचार सरकारी अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और लोन रिकवरी विवाद, मारपीट और लूट को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध बजरी दोहन पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सोलंकिया का खेड़ा गांव के पास से तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम और आईपीएस मानव उपाध्याय के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया । अवैध बजरी परिवहन करते वाहनों को पकड़कर थाने में खड़ा कराया गया है । वही पुलिस की कार्रवाई के बाद बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

CMYK

# स्मैक तस्करी प्रकरण में एक अभियुक्त को चार साल की सजा, दूसरा मफरुर घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

स्मैक तस्करी के एक पुराने मामले में एनडीपीएस अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपित बबलु मीणा को चार वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं सहअभियुक्त उदयसिंह गुर्जर को अदालत ने ट्रायल के दौरान मफरुर घोषित कर दिया। यह फैसला विशिष्ट न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट प्रकरण) जगदीशप्रसाद शर्मा ने सुनाया।

मामले के अनुसार घटना 21 मई 2018 की है। उस समय सुभाषनगर थाना प्रभारी भजनलाल गश्त के दौरान रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे, जहां केबिन नंबर एक के पास दो संदिग्ध युवक खड़े दिखाई दिए। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम बबलु पुत्र सियाराम मीणा, निवासी मोहनपुरा, थाना बालघाट (करौली) बताया, जबकि दूसरे ने अपना नाम उदयसिंह पुत्र बच्चू सिंह गुर्जर, निवासी सागरपुर, थाना नादौती (करौली) बताया। थाना प्रभारी ने संदेह के आधार पर उनकी तलाशी ली। बबलु मीणा के बैग से 140 ग्राम स्मैक तथा उदयसिंह के कब्जे से



100 ग्राम स्मैक बरामद हुई। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में चार्जशीट पेश की।

ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने 11 गवाहों के बयान तथा 54 दस्तावेज पेश कर आरोप सिद्ध करवाए। इस बीच उदयसिंह अदालत में उपस्थित नहीं हुआ, जिस पर उसे मफरुर घोषित कर दिया गया।

अदालत ने बबलु मीणा को दोषी करार देते हुए उसे चार वर्ष की सजा और 40 हजार रुपये के अर्थदंड का आदेश दिया। अदालत ने अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास का प्रावधान भी रखा

## लूट और चोरी ने बढ़ाया खौफः मांडल में दो घंटे में दो वारदातें, पुलिस की टीमें जाँच में जुटी

### सीसीटीवी में कैद हुई चोरी, खेत में दंपत्ति पर नकाबपोशों का हमला; सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

कस्बे में बीती रात अपराधियों ने कुछ ही घंटों के अंतराल में दो अलग-अलग वारदातों को अंजाम दिया । एक चोरी और दूसरी मारपीट व लूट जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली घटना जोशी वाटिका में हुई, जहां देर रात चोरों ने ताले तोड़कर दो रजाई और एक पानी की केन चुरा ली। सुबह ताले टूटे मिलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खास बात यह रही कि पूरी वारदात वाटिका में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

इसी बीच कस्बे के बाहर दूसरी और वारदात सामने आई। जानकारी के अनुसार, स्कूल के आगे स्थित खेत में गोपाल द्वारा रखवाली के लिए लगाए गए श्रवण बेरवा और उनकी पत्नी चांदी देवी पर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच तीन-चार नकाबपोश बदमाशों ने हमला बोल



दिया। बदमाशों ने दंपत्ति के साथ बेरहमी से मारपीट की और चांदी देवी से डेढ़ तोला सोने की मांदलियां, हाथों के कड़े और चांदी की पायजेब छीनकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस रात लगभग 3 बजे मौके पर पहुंची और आसपास के खेतों-रास्तों में सर्च अभियान चलाया, लेकिन तब तक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग चुके थे। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लुटेरों तक पहुंचने के लिए टीमें गठित की गई हैं और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।

# कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष शिवराम खटीक का पदभार ग्रहण, साइकिल रैली से दिखाया दम, वरिष्ठ नेताओं ने भरा जोश





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर कांग्रेस में शनिवार को उत्साह और संगठनात्मक शक्ति का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला। नवनियुक्त शहर जिला अध्यक्ष शिवराम (जीपी) खटीक ने भव्य रैली और जोशीले स्वागत के बीच पदभार ग्रहण किया। समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, अनिल डांगी, पीसीसी सदस्य नीरज गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सालवी, शाहपुरा विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र रेगर सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साइकिल रैली बनी आकर्षण का केंद्र कार्यक्रम की शुरुआत चित्रकूट धाम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड से विशाल रैली के रूप में हुई। झंडे और नारों के बीच उत्साह से भरे कार्यकर्ता शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़े। रैली के दौरान एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जब शिवराम खटीक, नीरज गुर्जर, नरेंद्र रेगर और धर्मेंद्र पारीक साइकिल पर सवार होकर कार्यकर्ताओं के साथ चले। रेलवे स्टेशन चौराहे पर पहुंचकर सभी ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर आतिशबाजी और नारों के बीच खटीक का जोरदार स्वागत हुआ।

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समारोह का संचालन एडवोकेट कुणाल ओझा ने किया और आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था संभाली। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया।

मंच से संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि 'संगठन की ताकत कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा, संगठन उतना सशक्त होगा।' उन्होंने बताया कि आज दो नई परंपराएँ शुरू हुई पहली, शहर अध्यक्ष का साइकिल रैली के रूप में पदभार कार्यक्रम में शामिल होना, और दूसरी, बड़े नेताओं के साथ-साथ साधारण कार्यकर्ताओं को भी मंच पर सम्मानित किया जाना। गुर्जर ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए टीमवर्क पर जोर दिया।

नवनियुक्त शहर जिला अध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा जनता के मुद्दों पर सड़क से सदन तक आवाज उठाई जाएगी। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को मजबूत कर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जाएगा। पीसीसी सदस्य राजेश चौधरी, शहर कांग्रेस प्रभारी कैलाश झालीवाल, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय पेडीवाल, और मनोज पालीवाल ने भी संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोला और कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने का संकल्प दोहराया।

## छत से गिरने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

क्षेत्र के मकरेड़ी ग्राम पंचायत के भेरूपूरा गांव में शनिवार को सुबह एक दर्दनाक हादसे में छत से गिरने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शंभुलाल बलाई (35) पुत्र पन्नालाल बलाई की घर की छत पर पानी गर्म करने के लिए लकड़ी लेने गया था, इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा तुरंत अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर



बिजोलिया : मृतक शंभुलाल

पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक के एक पुत्र और दो पुत्रिया है । फिलहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## विद्यालय परिसर में युवक का फंदे से लटका शव मिला

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरी गांव में शनिवार सुबह राजकीय विद्यालय परिसर में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गुलाबपुरा क्षेत्र के लिडिया का खेड़ा निवासी महावीर भील (35) पुत्र प्रभु भील के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार सुबह विद्यालय खुलने से पहले परिसर में खड़ी एक संदिग्ध कार पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। संदेह होने पर जब लोग पास गए तो उन्होंने पेड़ से झूलता शव देखा। सूचना पर आसींद पुलिस, एफएसएल टीम और प्रशासन मौके पर पहुँचे। शव को नीचे उतारकर सीएचसी मोर्चरी में रखवाया गया। कार के नंबर के आधार पर युवक की पहचान की गई।

पुलिस ने बताया की मृतक शुक्रवार रात रायला कस्बे में घूमता हुआ नजर आया था। इसके बाद वह देर रात अपनी कार से



करीब 20 किलोमीटर दूर ब्रह्मपुरी पहुंचा और विद्यालय परिसर में अपनी जान दे दी। महावीर मजदूरी का कार्य करता था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार में शोक की लहर है।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ।

## भारत विकास परिषद् वीर शिवाजी शाखा द्वारा युवा प्रखर प्रतियोगिता का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत विकास परिषद् वीर शिवाजी शाखा द्वारा शाखा स्तरीय युवा प्रखर प्रतियोगिता के अंतर्गत हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल कॉलेज में कराया गया। आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष सुभाष मोटवानी, सचिव कमलेश बोड़ाना, वित्त सचिव अनुराग वोहरा, निर्णायक अनुराग जागेटिया, डॉ रूपा पारीक, निधि सुराणा द्वारा दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम् गायन के साथ किया गया। प्रतियोगिता भीलवाड़ा के तीन महाविद्यालय के मध्य करवाई गई, जिसका विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी रखा गया। प्रभारी नवीन अग्रवाल ने बताया प्रतियोगिता में स्विफ्ट कॉलेज प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर पुनीत कॉलेज के प्रतिभागी रहे द्य सभी विजेता प्रतिभागियों को शहर समन्वयक श्याम कुमावत द्वारा प्रशस्ति पत्र, एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया । मीडिया प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि



विजेता टीम 13 दिसंबर को अजमेर में होने वाली प्रांतीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लेगी द्यकार्यक्रम का सुंदर संचालन शाखा सचिव कमलेश बोड़ाना ने किया।

अंत में शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## स्टूडेंट से मारपीट मामला : दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** कोचिंग हब कोरल पार्क क्षेत्र में एक छात्र पर हुए हमले ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के सिर्फ 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को दबोच लिया ।

घटना 4 दिसंबर की शाम की है। छात्र अंकित कुमार चाय की दुकान पर खड़ा था, तभी दिव्यांशु मीणा और उसका साथी शिवम मीणा वहां पहुंचे। मामूली विवाद बढ़ा और दोनों ने उस पर चाकू और कड़े से हमला करने का प्रयास किया। हमला टल गया, लेकिन छात्र बाल-बाल बचा। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की। टीम ने लगातार तलाश अभियान चलाते हुए दोनों



अभियुक्तों को कोरल पार्क और महावीर नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है ।



## QUICK BITES

### बाबा साहेब अमर रहे नारो के साथ युवाओ ने मनाई पुण्यतिथि, पुष्पांजलि अर्पित की

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



तहसील क्षेत्र के जाल का खेडा ग्राम में रेगर समाज के युवाओं द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा फोटो फ्रेम पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और बाबा साहेब अमर रहें के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा । कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता भगवान लाल रेगर ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है , रेगर ने महिला शिक्षा, समानता और संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, तभी समाज प्रगति कर सकता है। इस अवसर पर हेमराज रेगर, कमलेश, ओमप्रकाश,गणेश, हीरालाल,चन्ता कुमारी,रेणु कुमारी, कैलाश,देवराज,वैभव सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे

### अमृता हाट मेले में खो-खो व स्मृति जांच प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण हाट में आयोजित पांच दिवसीय अमृता हाट मेले में विविध प्रतियोगिताओं और जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। मेले में पहुंच रही महिलाओं को जेंडर आधारित हिंसा के प्रति जागरूक करने के साथ विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।
मेले में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में गीता मीणा ने प्रथम, मंजू शर्मा ने द्वितीय तथा नीलम बुनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्मृति जांच प्रतियोगिता में पिंकू स्वामी प्रथम, रीमा सेन द्वितीय और कांता सुखैजा तृतीय स्थान पर रहीं। मेले में पूरे प्रदेश से आए 80 स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है, जो खरीददारों को आकर्षित कर रहे हैं। महिलाओं के लिए प्रतिदिन सेमिनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,000 रुपये से अधिक की खरीदारी करने वाले उपभोक्ताओं के लिए लॉटरी के माध्यम से आकर्षक उपहार भी रखे गए हैं। जिला स्तरीय अमृता हाट मेला 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# पोस्टर विमोचन, पोस्टकार्ड पर बच्चों की कलम... पीएम मोदी को जाएंगे संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



सेवा पखवाड़े के तहत संचिना कला संस्थान के 28वें स्थापना दिवस पर स्थानीय विधायक लालाराम बैरवा ने संस्था का वार्षिकोत्सव पोस्टर विमोचित किया और बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टकार्ड की प्रदर्शनी देख कर उनकी खुलकर सराहना की।
बच्चों ने स्वच्छ भारत अभियान थीम पर दर्जनों आकर्षक चित्र बनाए, जिन्हें पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा, इसके लिए विधायक ने मौके पर ही पत्र लिखकर प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कराने की सहमति दी।
संस्था अध्यक्ष राम प्रसाद पारीक ने विधायक को अवगत कराया कि संचिना कला संस्थान, शाहपुरा (जिला भीलवाड़ा) 1998 से लोक कला के संरक्षण और नए कलाकारों को मंच देने के लिए कार्य कर रहा है और अब तक उदयपुर लोककला मंडल, जवाहर रंगमंच जयपुर, भीलवाड़ा, अजमेर सहित विभिन्न जिलों में 625 से अधिक कार्यक्रम कर चुका है।
उन्होंने बताया कि संस्था ने शाहपुरा के लोक पर्वों पर स्थानीय लोक कलाओं को मंच देकर यहां की सांस्कृतिक पहचान को न केवल जिंदा रखा है, बल्कि नई पीढ़ी में भी लोक कला के प्रति आकर्षण बढ़ाया है। विधायक लालाराम बैरवा ने कहा कि संचिना कला संस्थान ने 27 वर्ष में जो काम किया है, वह किसी सरकारी योजना से कम नहीं है और आने वाले समय में राज्य स्तर पर संस्था और विधानसभा क्षेत्र के कलाकारों की पहचान बने, इसके लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।उन्होंने कहा कि 28वें वर्ष का यह पोस्टर केवल कागज नहीं, बल्कि नए कलाकारों के लिए ऊर्जा का स्रोत है, जिससे प्रेरणा लेकर बच्चे और युवा आगे भी मंच पर अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे सकेंगे। संस्था के एक अभिनय और नाटक वास्तव में सभी प्रकार की योजनाओं को सरल भाव से समझाने का एक प्रयास है इसमें अभी वंदे मातरम जिस तरीके से मंचों पर किया जा रहा है वह सारानिया कार्य है।
कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव गीतकार सत्येंद्र मंडेला ने किया और मंच से ही संस्था की गतिविधियों, सेवा पखवाड़े की प्रतियोगिताओं और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।
संस्था की ओर से विधायक बैरवा का पगड़ी पहनाकर, अर्पणा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी का भी अर्पणा पहनाकर स्वागत किया गया।
इस अवसर पर ख्यात कवि दिनेश बंटी, लोक कलाकार राजकुमार बेरवा, सत्यव्रत वैष्णव, पंडित सुनील भट्ट और रंगकर्मी एडवोकेट दीपक पारीक सहित अनेक कलाकार और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हेल्थ सर्वे का निरीक्षण, सेवाओं में सुधार के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने शनिवार को गुलाबपुरा और शाहपुरा क्षेत्र में चल रहे विशेष स्वास्थ्य सर्वे का निरीक्षण किया। गुर्जर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।
डॉ. गुर्जर ने प्रसव उपरांत पीपीआईयूसीडी की स्वीकृति कम है, जिस पर विशेष फोकस की आवश्यकता पर जोर दिया । गुर्जर ने मेडिकल स्टाफ को प्रसूता महिलाओं की प्रभावी काउंसलिंग कर पीपीआईयूसीडी लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मातृ स्वास्थ्य और परिवार नियोजन सेवाओं में सुधार हो सके।
सीएमएचओ ने डीडीसी में दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने, चिकित्सा संस्थानों में आईईसी सामग्री प्रदर्शित करने, तथा मरीजों की सुविधा के लिए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने हुरड़ा के जाट मोहल्ला में चल रहे सर्वे का मौके पर जाकर अवलोकन किया, जहां एएनएम और आशा सहयोगिनी सर्वे कार्य में सक्रिय पाई गई। उन्होंने टीम को सर्वे समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने तथा किसी गंभीर मरीज की पहचान होने पर तुरंत नजदीकी संस्थान में रेफर करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक स्त्री-पुरुष का शत-प्रतिशत सर्वे सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान गुलाबपुरा में बीसीएमओ डॉ. सौरभ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विजय सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक योगेश वैष्णव, बीपीओ चंद्रशेखर सहित हुरड़ा में डॉ. बुद्धराज रैका, एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बायोमेडिकल उपकरण मेंटेनेंस पर प्रशिक्षण आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लेब टेक्नीशियन एवं रेडियोग्राफरों के लिए बायोमेडिकल उपकरण मेंटेनेंस प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के सुरक्षित संचालन, नियमित मेंटेनेंस और फील्ड स्तर पर तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।
कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक डॉ. संपत सिंह जोधा, सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, मेडिकल कॉलेज के बायोमेडिकल इंजीनियर राजेश कुमार, तथा जोन बायोमेडिकल इंजीनियर अभिलाष सोनी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि बेहतर मेंटेनेंस से उपकरणों की उम्र बढ़ती है और सटीक जांच रिपोर्ट के साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित होती हैं। प्रशिक्षण संचालन में सायंक्स हेल्थ केयर प्रा. लि. के बायोमेडिकल इंजीनियर संजय सिसोदिया, मुकुल वार्ष्णेय, अजय मीणा, बिलाल खान, राजेश शर्मा, गुरजीत सिंह, मनेंद्र, भीमराज, गुरजंट, शुजित, रिंकू, विपेंद्र



और देवेंद्र सहित तकनीकी विशेषज्ञों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम देव गार्डन, भीलवाड़ा स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जहां प्रतिभागियों ने विभिन्न उपकरणों की तकनीकी बारीकियों का लाइव डेमो भी देखा।

# गृह रक्षा स्थापना दिवस पर विविध सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, में 63वां गृह रक्षा स्थापना दिवस हर्षोल्लास और अनुशासनपूर्वक मनाया गया। समादेष्टा ललित व्यास के निर्देशन में सुबह 8:15 बजे मुख्य आरक्षी शान्तिलाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गृह रक्षा निदेशालय, राजस्थान, जयपुर से प्राप्त बधाई संदेशों का वाचन किया गया तथा जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई। विभिन्न उपकेन्द्रों पर स्वच्छता अभियान भी आयोजित हुआ।
1 से 6 दिसंबर तक आयोजित 6 दिवसीय पखवाड़ा कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल रहीं। इनमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, सुलेख लेखन, वृक्षारोपण, रस्सा-कस्सी, क्रिकेट, गोला फेंक, कैरम, वॉलीबॉल, रंगोली, वाहन रैली, जलेबी दौड़, चित्रकला, भाला फेंक तथा 100 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिताओं के बाद प्रतिभागियों ने गौशाला में जाकर गौ-सेवा की तथा स्वच्छ भारत अभियान के तहत संतोषी माता मंदिर में साफ-सफाई की। वहीं राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित कॉन्स्टेबल जितेन्द्र कुमार शर्मा ने होमगार्ड स्वयंसेवकों को भारतीय न्याय संहिता (ब्हस) की महत्वपूर्ण धाराओं और नवीन पुलिस एक्ट में हुए संशोधनों की जानकारी दी, जिससे स्वयंसेवकों को विधिक प्रक्रियाओं की समझ में वृद्धि हुई। वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरक्षी सुभाष चौधरी, स्वयंसेवक छोटूलाल शर्मा, दिनेश कुमार, अविनाश व्यास, नारायण लाल, दिनेश कुमार एवं मोहनलाल सुथार को प्रशंसा पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आरक्षी शान्तिलाल, लेखाधिकारी गजानन्द कुमावत, वरिष्ठ सहायक नरेन्द्र सिंह मीणा, देवेन्द्र सिंह, आरक्षी सुभाष चौधरी, अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर राजनारायण, त्रिलोक प्रजापत, अवैतनिक प्लाटून कमाण्डर राजेन्द्र कुमार, अवैतनिक मुख्य आरक्षी राजमल, शशिकान्त, बोधसिंह, फारूख, रमेशचन्द, राकेश, विशाल, हरलेश कुमार एवं स्वयंसेवक छोटूलाल सहित संगठन के कार्मिक उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा एससी मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा एससी मोर्चा द्वारा शनिवार को अम्बेडकर सर्कल रेलवे स्टेशन पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि बाबा साहेब देश के महान संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि करोड़ों वंचितों और पीड़ितों के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समानता, शिक्षा, मानवाधिकार और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मेवाड़ा ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो का संदेश आज भी समाज निर्माण की दिशा तय करता है। सभी को उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

जिला मीडिया प्रभारी राजेश जीनगर ने बताया कि कार्यक्रम में एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डिडवानिया, नगर निगम के राकेश पाठक, मंजू चेचानी, जिला महामंत्री प्रह्लाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष गोपाललाल तेली, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, जिला महामंत्री हीरालाल बोहरा, शिवप्रकाश चन्नाल, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष घनश्याम बैरवा, पवन बैरवा, शास्त्री मंडल महामंत्री हरीश सालवी, गणेश मंडल महामंत्री तेजेंद्र सिंह शक्तावत, गणेश मंडल उपाध्यक्ष गिरिराज मेघवाल, सत्यनारायण खोईवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु पालीवाल, मुकेश चेचानी, डॉ. अरुण चौहान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर विचार मंच का पाँचवा रक्तदान शिविर, 141 यूनिट रक्त एकत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी** । डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को अम्बेडकर विचार मंच के तत्वावधान में पांचवा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 141 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



रक्तदान शिविर में बिजौलिया एवं आसपास के ग्रामों के युवा, विद्यार्थी, महिलाएँ, कर्मचारी, अधिकारी तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगो ने भाग लिया। शिविर में सहयोग भीलवाड़ा ब्लड बैंक टीम, एचडीएफसी बैंक के सुखवीर सिंह तथा रामा कृष्णा पुरम के डायरेक्टर मुकेश मीणा द्वारा दिया गया। इस दौरान अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष किशन कुमार खटीक , दिनेश मीणा, कमलेश कुमार धोबी, प्रकाश चंद्र मीणा, तूफान यादव, अनिल कुमार खटीक, सोजीराम, जगदीश, दिलखुश रेगर, विजयपाल, कमलेश कोली, महेंद्र मीणा, रतिराम मीणा, गिशुलाल रैगर, नंदलाल, विमल जैन, प्रेम पुरी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे ।

महिला सदस्यों में अनिता कुमारी, निर्मला मेघवाल, ऐश्वर्या मेघवाल, देविका यादव, पायल राजपूत, लक्ष्मी बंजारा, रिंकी सोलंकी, किशन मीणा, सुखपाल, हेमंत, जगदीश सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# माली समाज की बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए 51 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

उपनगर पुर में माली समाज विकास सेवा संस्थान की बैठक शनिवार को पातोला महादेव रोड स्थित टंकी के महादेव जी परिसर में आयोजित हुई। बैठक में आगामी चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्थान के सचिव शंकरलाल माली ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष भैरूलाल माली ने की, जिसमें इस वर्ष सम्मेलन में 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य तय किया गया।



सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियाँ गठित की गई। भोजन व्यवस्था समिति के अध्यक्ष बंशीलाल ढिबरिया, स्वागत समिति के अध्यक्ष भंवरलाल सतरावला, क्रय समिति के अध्यक्ष नानूराम गोयल, प्रचार-प्रसार समिति के अध्यक्ष प्रभुलाल नूइवाल, कार्यालय व्यवस्था समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माली तथा वित्तीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भैरूलाल माली को जिम्मेदारी सौंपी गई।

अध्यक्ष भैरूलाल माली ने कहा कि सामूहिक विवाह आयोजन आर्थिक बोझ को कम करते हैं और समाज में एकजुटता बढ़ाते हैं। उन्होंने पिछले आयोजनों में मिले सहयोग के लिए समाजजनों व भामाशाहों का आभार व्यक्त किया और आगामी सम्मेलन में भी सहयोग की अपील की।

बैठक में संरक्षक कैलाशचंद्र नोंइवाल, प्रचार मंत्री भवानीराम ढिबरिया, मीडिया प्रभारी राजकुमार गोयल, कालूराम, जमनालाल, देवलाल, लालचंद, बंशीलाल, प्रह्लाद, महावीर, बालूलाल सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# संतरों से भरा ट्रक पलटा तो हाइवे पर मच गई लूट, कट्टों में भर-भरकर घर ले भागे लोग

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित** । कोटा-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर मुकन्दरा अभयारण्य के गेट नंबर एक के समीप घुमाव पर संतरे से भरा एक ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक पलटने के बाद सड़क पर बड़ी मात्रा में संतरों से भरी कैरेट और ढेरों फल बिखर गए। इस बीच आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई। भीड़ में शामिल कई लोगों ने सड़क पर फैले संतरों को उठाकर ले जाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सड़क किनारे अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया था।



सूचना मिलने पर कनवास पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर व्यवस्था को संभाला। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को समझाइश कर ट्रक के आसपास से हटाया और सड़क पर बिखरे संतरों को हटवाना शुरू किया, ताकि यातायात सुचारू रखा जा सके। पुलिस ने यात्रियों को सावधानीपूर्वक वाहन निकालने के निर्देश दिए। पुलिस कांस्टेबल कैलाश चौधरी ने बताया कि ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। साथ ही ट्रक मालिक से संपर्क करने के प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने बताया कि ट्रक झालावाड़ की ओर से संतरे की कैरेट लेकर आ रहा था। घुमाव पर संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया।

## चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे वाले मोड़ पर पहले भी कई बार वाहन अनियंत्रित होकर पलट चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से इस घुमाव पर सुरक्षा चिह्न बढ़ाने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की, ताकि भविष्य में हादसों पर रोक लग सके।

## चालक की तलाश जारी

पुलिस चालक की खोज में आसपास के क्षेत्रों में भी पूछताछ कर रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चालक हादसे के दौरान घायल हुआ या फिर भय के कारण मौके से भाग गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात धीमा हो गया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वाहनों को क्रमवार निकालकर स्थिति सामान्य की गई।

# जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक पर निकले सीएम भजनलाल शर्मा; लोगों से की बातचीत, 'फिट इंडिया-फिट राजस्थान' का संदेश दिया

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह जयपुर स्थित जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में मौजूद लोगों से संवाद किया और फिट इंडिया-फिट राजस्थान के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया । मुख्यमंत्री ने जवाहर सर्किल स्थित मन्दिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ जूस पीते हुए चर्चा भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया।



## QUICK BITES

# पूर्व कलेक्टर प्रतिहार ने नापाखेड़ा में जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(अजमेर)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नापाखेड़ा, ग्राम पंचायत गिरवरपुरा में शनिवार को पूर्व जिला कलेक्टर शिवजीराम प्रतिहार ने प्राथमिक विभाग के 50 जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न साइज़ के स्वेटर उपलब्ध कराए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य दुर्गा मीणा ने बताया कि विद्यालय परिवार की ओर से पूर्व कलेक्टर प्रतिहार का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य कमलसिंह मीणा, वरिष्ठ अध्यापक लादूलाल मीणा, अनिल त्रिपाठी, भोजराज सैनी, सोकिना राम मीणा, सलीम मोहम्मद सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# न्याय आपके द्वार कैंप आयोजित, विधिक जागरूकता सामग्री वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन काजगी के निर्देश पर शनिवार को पौधारोपण शाला में न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ त्वरित समाधान' कैंप आयोजित किया गया।

कैंप में एडवोकेट गौरव शर्मा , मनीष धाकड़, पीएलवी अंजली नायक एवं सहयोगियों ने कानूनी जागरूकता से जुड़े पेम्पलेट वितरित कर लोगों को उनके अधिकारों एवं विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विजेश माली, राधाकृष्ण माली, हरिद्वार माली, संतोष नायक, वकील खान, रूबीस खान, कमाल खान, सोहनी माली, सुमित्रा माली, जमनी माली, गीता, सोनू सहित लगभग 20 लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने लिया 'घर से बदलाव' का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ



**(महावीर वैष्णव)।** कस्बे में अन्नपूर्णा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास समिति लिमिटेड के सानिध्य में शनिवार को एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय नई चेतना 4.0 पहल बदलाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम संगठन से जुड़े लगभग 40 स्वयं सहायता समूहों की 80 महिलाओं ने भाग लिया।

बैठक के दौरान महिलाओं ने संकल्प लिया कि बदलाव की शुरुआत वे अपने-अपने घरों से करेंगी, जिससे समाज में सकारात्मक माहौल और बराबरी की सोच विकसित हो सके। कार्यक्रम में जेंडर आधारित भेदभाव, सामाजिक असमानता, घरेलू वातावरण में सहभागिता, तथा परिवार और समाज में समानता स्थापित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में क्लस्टर सदस्य सीमा राव, राधा सुथार सहित अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।